# कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलक्टर, दौसा

**श्री हेमराज जांगिड एडवोकेट पुत्र श्री रमेश चंद जांगिड निवासी प्लाट नं0 102ए, दीप नगर, न्यू सांगानेर रोड, सोडाला जयपुर-302019**

**बनाम**

**लोक सूचना अधिकारी, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी(एसडीएम) लालसोट जिला दौसा**

**अपील संख्या 29/2021**

## निर्णय

दिनांक 13.7.2021

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (एसडीएम) लालसोट जिला दौसा से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर वांछित सूचना/नकल हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वांछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त हुई। इससे व्यथित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (एसडीएम) लालसोट जिला दौसा को प्राप्त पत्रों की छाया प्रति प्रेषित कर अपीलांट को वांछित नकल/ सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जांच टिप्पणी मंगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से प्रकट होता है कि अपीलांट द्वारा चाही गई लोक सूचना अधिकारी, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी(एसडीएम) लालसोट जिला दौसा द्वारा आवेदक को सूचना की वस्तुस्थिति से अवगत कराते हुए प्रतिलिपि पत्र कमांकःनिर्वाचन/आरटीआई/2021/209 दिनांक 25.6.2021 द्वारा इस कार्यालय को अवगत कराया है कि आवेदक द्वारा चाही गई सूचना इस कार्यालय में उपलब्ध नहीं है। उक्त पत्रादि की प्रति पत्रावली में संलग्न है। इससे स्पष्ट होता है कि अपीलांट को सूचना के संबंध में वस्तुस्थिति से अवगत करा दिया गया है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट खारिज योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय की प्रति प्रेषित की जावे। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भंडार हो।

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

(पीयुष समारिया)
जिला कलक्टर, दौसा
जिला कलक्टर,दौसा